आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 64 | उज्जैन, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# मध्यप्रदेश में पहली बार हार्ट ट्रांसप्लांट ऐतिहासिक उपलब्धि-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## जबलपुर, भोपाल और इंदौर में ग्रीन कॉरिडोर मुख्यमंत्री ने चिकित्सकीय टीम को दी बधाई

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने चिकित्सा सेवाओं में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में पहली बार सफलतापूर्वक हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिये चिकित्सकीय टीम को बधाई दी हैं।



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग और नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर और एम्स भोपाल के चिकित्सीय स्टॉफ की सजगता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है। प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग जनसेवा के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने प्रक्रिया में शामिल डॉक्टरों, सहयोगी स्टॉफ और पुलिस प्रशासन को बधाई दी है, जिनकी मेहनत और तत्परता से यह संभव हो पाया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मरीज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इस प्रक्रिया में ग्रीन कॉरिडोर और पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का उत्कृष्ट उपयोग किया गया। इस जनहितैषी सेवा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, प्रशासन की सजगता और तालमेल ने ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से अंगों को समय पर पहुंचाने का कार्य संभव हो सका। जबलपुर, भोपाल और इंदौर में तीन ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए, जो प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है।

# पूर्व सैनिक ने पत्नी की हत्या कर शव के किए टुकड़े, फिर प्रेशर कुकर में उबाला



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के मीरपेट में रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पूर्व सैनिक अपनी पत्नी के लिए हैवान बना गया और नृशंसता की सारी हदें पार कर दीं। पूर्व सैनिक गुरु मूर्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद उसके शव को टुकड़ों में काटा और फिर उसे प्रेशर कुकर में उबाल दिया।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपित गुरु मूर्ति ने बीते 18 जनवरी को अपने माता-पिता के साथ हैदराबाद के बाहरी इलाके मीरपेट में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पत्नी वेंकट माधवी लापता है।

पुलिस ने जांच शुरू की मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस को पता चला कि पिछले कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच झगड़ा चल रहा था। इसके बाद पुलिस ने गुरु मूर्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इससे सच्चाई सामने आ गई। आरोपित ने स्वीकार किया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उसने शव के टुकड़े कर कुकर में पकाया और फिर उन्हें तालाब में फेंक दिया। पुलिस फिलहाल गुरु मूर्ति के बयान के आधार पर सुबूत जुटाने में लगी है। शव के टुकड़ों की तलाश की जा रही है।

# यूपी में हो रही झमाझम बारिश, दिल्ली में भी बदला मौसम; पहाड़ों पर बर्फबारी का अलर्ट




नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत में दिन में मौसम काफी गर्म था, वहीं आज उत्तर प्रदेश में सुबह से बारिश होने लगी है। दिल्ली-एनसीआर का भी मौसम बदल गया है। वहीं मौसम विभाग ने 23 जनवरी को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 23 जनवरी को दिल्ली और यूपी में सुबह से ही बारिश हो होने की संभावना जताई थी और इसी के साथ ठंड फिर से बढ़ सकती है। साथ ही पंजाब हरियाणा में कोहरा होने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 23 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में छिटपुट बर्फबारी और बारिश की संभावना है, जबकि उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश और निकोबार द्वीप समूह में छिटपुट बारिश की संभावना है। साथ ही पूर्वी भारत के अलग-अलग इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे का अनुमान है, उत्तरी, मध्य और पूर्वोत्तर भारत के अलग-अलग हिस्सों में रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। दिल्ली में होगी बारिश

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार 100 नए सैनिक स्कूल खोलेगी, राजनाथ सिंह की बड़ी घोषणा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत में बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने का फैसला किया है। सरकार का यह कदम राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देगा।



केरल के अलप्पुझा में विद्याधिराज सैनिक स्कूल के 47वें वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूलों की पहुंच देश के जिले तक बढ़ाने का फैसला किया है, ताकि विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और दूरदराज के क्षेत्रों से छात्रों को इसमें शामिल किया जा सके।

### सैनिक को केवल युद्ध के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे देश स्वास्थ्य, संचार, उद्योग, परिवहन और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, उसे देखते हुए शिक्षा और बच्चों के समग्र विकास में क्रांति की आवश्यकता है। किसी सैनिक को केवल युद्ध के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक सैनिक में कई अन्य गुण होते हैं। उन्होंने कहा कि एक सैनिक अनुशासित होता है, अपने लक्ष्य पर केंद्रित होता है, निस्वार्थ भाव से सेवा करता है, आत्म-नियंत्रण रखता है और समर्पित होता है।

# 5 साल में बच्चों की मृत्यु दर में 75 प्रतिशत गिरावट, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने की समीक्षा




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में पिछले तीन साल की प्रगति की समीक्षा की है। इस समीक्षा के आधार पर यह भरोसा जताया गया है कि 2030 से काफी पहले ही सतत विकास के लक्ष्य (एसडीजी) हासिल कर लिए जाएंगे। कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि इस मिशन ने स्वास्थ्य के ढांचे में ऐतिहासिक असर डाला है।

पिछले तीन साल में 12 लाख हेल्थकेयर वर्कर इस मिशन से जुड़े हैं। यह मिशन कोरोना महामारी के प्रकोप से निपटने में भी काफी कारगर रहा है। सरकार की ओर से कहा गया है कि पिछले तीन साल में शिशुओं और माताओं के स्वास्थ्य, बीमारियों के उन्मूलन, हेल्थकेयर के बुनियादी ढांचे के साथ ही स्वास्थ्य से जुड़े हर क्षेत्र में इस मिशन ने उल्लेखनीय प्रभाव डाला है।

अगले दो साल में मिशन में और तेजी से काम किया जाएगा ताकि एसडीजी के लक्ष्यों को समय से पहले हासिल किया जा सके। 2021-22 से 2023-24 के बीच मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा के साथ ही यह बताया गया कि मातृ और शिशु मृत्यु दर में तेजी से कमी आई है।

2014-15 के मुकाबले मातृ मृत्यु दर में 25 प्रतिशत तक की कमी आई है, जबकि पांच साल तक के बच्चों की मृत्यु दर में 75 प्रतिशत तक कमी आई है। यह वैश्विक स्थिति से भी बेहतर है। इसी आधार पर तीन कसौटियों-शिशु, नवजात और मातृ मृत्यु दर में एसडीजी लक्ष्य 2030 से ही पहले पूरे होने का भरोसा जताया गया है।

# अचानक क्यों बढ़ गई गर्मी? ठंड के मौसम में छूट रहे लोगों के पसीने



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली एनसीआर में इस वक्त ठंड लगभग खत्म सी हो गई है। महीना जनवरी का चल रहा है, लेकिन लोगों को मार्च-अप्रैल जैसी गर्मी महसूस हो रही है। बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री दर्ज किया गया। ये इस सीजन के सामान्य तापमान से 1.8 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी यूपी, दिल्ली एनसीआर और उत्तरी राजस्थान में 23 जनवरी को बारिश की संभावना जाहिर की है। बुधवार की सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के लगभग था।

# दोस्त मोदी से मुलाकात करेंगे ट्रंप, अगले महीने वाशिंगटन में हो सकती है बैठक; किन मुद्दों पर होगी बातचीत?

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और अमेरिका के राजनयिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फरवरी में बैठक आयोजित करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बैठक वॉशिंगटन में हो सकती है। भारत अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने और अपने नागरिकों के लिए पेशेवर वीजा आसान बनाने का इच्छुक है।



सूत्रों का कहना है कि दोनों नेताओं की मुलाकात में ये दो विषय एजेंडे में होंगे। व्हाइट हाउस में ट्रंप की वापसी से नई दिल्ली के अधिकारियों में भारत पर टैरिफ लगाए जाने को लेकर चिंता बढ़ गई है। ट्रंप ने भारत को उन देशों में से एक बताया है, जो अमेरिकी उत्पादों पर उच्च टैरिफ लगाते हैं। उन्होंने संकेत दिया है कि वह भी टैरिफ लगाने के पक्ष में हैं। लेकिन, सूत्रों ने कहा कि भारत वॉशिंगटन को कुछ रियायतें देने को तैयार है। फरवरी में हो सकती है दोनों की बैठक - सूत्रों ने बताया कि चीन का मुकाबला करने के प्रयासों में अमेरिका का रणनीतिक साझेदार भारत, अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को बढ़ाने तथा अपने नागरिकों के लिए कुशल श्रमिक वीजा प्राप्त करना आसान बनाने का इच्छुक है। यदि दोनों नेताओं की बैठक होगी तो ये दोनों विषय एजेंडे में शामिल होंगे।

हालांकि, उसे आधिकारिक तौर पर अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने की किसी योजना के बारे में सूचित नहीं किया गया है। भारत अपने यहां अधिक अमेरिकी निवेश आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन देने को भी तैयार है।

सूत्रों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि अधिकारियों को उम्मीद है कि दोनों के बीच जल्द ही होने वाली मुलाकात से ट्रंप के नए कार्यकाल में संबंधों को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान फरवरी 2020 में भारत का दौरा किया था। तब, मोदी के राजनीतिक गृहनगर अहमदाबाद के क्रिकेट स्टेडियम में 100,000 से ज्यादा भारतीयों ने उनका स्वागत किया था।

# माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करना हुआ अब और भी महंगा, नेपाल ने बढ़ाई 36% फीस; इतना होगा खर्चा



नई दिल्ली (एजेंसी)। नेपाल ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए परमिट शुल्क में 36 प्रतिशत की भारी वृद्धि की है और दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर कचरा प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से कई उपाय भी शुरू किए हैं। इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी।

नेपाल सरकार ने माउंट एवरेस्ट या माउंट कोमोलांगमा पर चढ़ाई का परमिट शुल्क बढ़ा दिया है। विदेशियों के लिए यह शुल्क 11,000 डालर से बढ़ाकर 15,000 डालर कर दिया गया है। नई दर एक सितंबर 2025 से प्रभावी होगी।

नेपाल ने आखिरी बार एक जनवरी 2015 को इसमें संशोधन किया था। इस साल वसंत के मौसम में माउंट कोमोलंगमा पर चढ़ने की इच्छा रखने वालों को बढ़ी फीस नहीं देनी होगी।

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए देनी होगी इतनी फीस- वहीं, दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने की योजना बनाने वालों को पतझड़ के मौसम में 5,500 डालर की जगह 7,500 डालर का भुगतान करना होगा। सर्दियों और मानसून के मौसम के लिए शुल्क 2,750 डालर से बढ़ाकर 3,750 डालर कर दिया गया है।

पर्यटन बोर्ड की निदेशक आरती नेउपाने ने बताया कि इस संबंध में कैबिनेट का निर्णय पहले ही हो चुका है, हालांकि अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि 8848.86 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ने के लिए नई फीस 1 सितंबर, 2025 से लागू होगी।

कैबिनेट द्वारा अनुमोदित संशोधित नियम नेपाल राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद प्रभावी हो जाएंगे।

उन्होंने कहा, हालांकि, एवरेस्ट पर चढ़ने के इच्छुक नेपाली पर्वतारोहियों के लिए रॉयल्टी को मौजूदा 75,000 रुपये से दोगुना बढ़ाकर शरद ऋतु के लिए 150,000 रुपये कर दिया जाएगा।


परमिट को भी किया गया 55 दिन के लिए सीमित- चढ़ाई के परमिट, जो पहले 75 दिनों के लिए वैध थे, अब 55 दिनों तक सीमित कर दिए जाएंगे। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, वैधता में कटौती का उद्देश्य चढ़ाई गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना है।

पर्यटन मंत्रालय की संयुक्त सचिव इंदु घिमिरे ने कहा, वसंत 2025 अभियान के लिए पहले से ही पुष्टि की गई बुकिंग इस बदलाव से प्रभावित नहीं होगी।

घिमिरे के अनुसार, नियमों में कचरा प्रबंधन, उच्च ऊंचाई वाले श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और सरकारी राजस्व को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

संशोधित नियमों के अनुसार, आगामी वसंत ऋतु से एवरेस्ट पर्वतारोहियों को अपने मल को उचित निपटान के लिए बेस कैंप में वापस लाना होगा। पर्वतारोहियों को ऊपरी इलाकों में कचरा इकट्ठा करने के लिए बायोडिग्रेडेबल बैग ले जाना होगा।

# आसमान से दिख रहे लॉस एंजेलिस के जलने के निशान, नई तस्वीरें बता रहीं कितना भयानक था आग का मंजर



नई दिल्ली (एजेंसी)। लॉस एंजेलिस में लगी आग ने तबाही की ऐसी तस्वीर पेश की है, जिससे दुनिया हैरान है। बेकाबू लपटों और धुएं के गुबार ने न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया बल्कि हजारों लोगों को बेघर कर दिया। लॉस एंजेलिस से आई आसमानी तस्वीरें बता रहीं कि आग कितनी भयानक थी। जहां देखो वहां जलने के निशान दिख रहे हैं। भीषण आग ने पूरे शहर को मलबे में बदल दिया है।

एयर शो से ली गई तस्वीरों में एक बाद एक राख के भूरे-भूरे रंग के ब्लॉक्स दिखाई दे रहे हैं। इन तस्वीरों में अब सिर्फ घरों, रेस्तरां और दुकानों के कंकाल के अवशेष दिखाई दे रहे हैं। अभी तक 12,300 से ज्यादा भवन जलकर राख में तब्दील हो गए हैं, 150 अरब डॉलर से ज्यादा के नुकसान का अंदेशा है। लॉस एंजेलिस के पैलिसेड्स इलाके में आग से सबसे ज्यादा बर्बादी हुई है।

7 जनवरी को भड़की थी आग, अब तक नहीं बुझ सकी- कैलिफोर्निया अग्निशमन विभाग के अनुसार, 7 जनवरी को लगी आग ने वॉशिंगटन डीसी के आकार के लगभग एक क्षेत्र को जला दिया है। दक्षिणी कैलिफोर्निया में सबसे विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं में से एक, इस आग ने कम से कम 28 लोगों की जान ले ली है और लगभग 16,000 संरचनाओं को क्षतिग्रस्त या नष्ट कर दिया है।

पश्चिम में अपस्केल पैसिफिक पैलिसेड्स और मालिबू में हुए भयावह विनाश ने अधिकांश सुर्खियां बटोरीं, जबकि पूर्व में अल्ताडेना को इससे भी अधिक नुकसान हुआ है।

## पहले माफी मांगे एलन मस्क फिर स्टारलिंक को देंगे लाइसेंस; क्यों भड़के पाकिस्तानी सांसद



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के सांसद अमेरिका के अरबपति एलन मस्क से माफी की मांग कर रहे हैं। एक सांसद ने गुरुवार को एलन मस्क पर ÷पाकिस्तान विरोधी प्रचार÷ करने का आरोप लगाया। पाकिस्तान का कहना है कि एलन मस्क उसके देश में अपनी स्टारलिंक सेवा के लिए अप्रूवल चाहते हैं। लेकिन इससे पहले उन्हें माफी मांगनी चाहिए। मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर स्टारलिंक ने पाकिस्तान में संचालन के वास्ते लाइसेंस के लिए अप्लाई किया है। फिलहाल मस्क की कंपनी मंजूरी का इंतजार कर रही है।

बुधवार को पाकिस्तान की सीनेट की सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार पर बनी समिति की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। समिति की अध्यक्ष पलबाशा मोहम्मद जई खान ने एएफपी को बताया कि कई सांसदों ने मस्क द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर की गई टिप्पणियों की आलोचना की। सांसदों का कहना है कि मस्क ने ब्रिटेन में ऐतिहासिक बलात्कार मामलों को लेकर जो आरोप लगाए हैं, उनमें पाकिस्तानी मूल के लोगों को जिम्मेदार ठहराया गया। इन टिप्पणियों को पाकिस्तान विरोधी प्रचार के रूप में देखा जा रहा है।

## बांग्लादेश में आपस में ही क्यों भिड़ गए बीएनपी के कार्यकर्ता? पुलिसकर्मियों को भी पीटा, 22 लोग घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश के सतखिरा जिले में धारा 144 लागू होने के बावजूद बुधवार को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के दो गुटों के बीच झड़प में पुलिस अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों सहित कम से कम 22 लोग घायल हो गए। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, श्यामनगर शहर के इस्माइलपुर इलाके में दो समूहों के बीच तनाव बढ़ने के बाद संघर्ष हुआ। यह झड़प नवगठित श्यामनगर बीएनपी समिति के नेताओं द्वारा एक रैली के आयोजन के बाद हुई।

जुलूस में फेंकी गईल थी छड़ी- बीएनपी- हालांकि, ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, जब बीएनपी के पूर्व कार्यवाहक महासचिव सोलेमान कबीर के नेतृत्व में जुलूस श्यामनगर शहर की ओर बढ़ रहा था, तो एक छड़ी फेंकी गई, जिससे दोनों गुटों के बीच झड़प हो गई। हिंसा के दौरान 22 लोग घायल हो गए।

पुलिस स्टेशन के प्रभारी भी हुए जख्मी- घायलों में श्यामनगर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी हुमायूं कबीर, सुरक्षाकर्मी, सैफुल इस्लाम और कई बीएनपी कार्यकर्ता शामिल हैं। सोलेमान कबीर ने दावा किया कि उनके समर्थकों पर 19 और 20 जनवरी को हमला किया गया था, जिसके कारण उन्होंने विरोध मार्च निकाला।

## डोनाल्ड ट्रंप को खरी-खोटी सुनाने वाली बिशप का माफी मांगने से इनकार, बोलीं- दूसरों के लिए...





नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने ही उनकी आलोचना करने वाली बिशप मैरिएन एडगर ने माफी मांगने से इनकार कर दिया है। ट्रंप के सामने अपनी बात रखते हुए बिशप ने एलजीबीटीक्यू बच्चों और अप्रावसियों पर दया दिखाने के लिए कहा था। इस टिप्पणी के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर उनसे माफी मांगने के लिए कहा था। अब बिशप ने जवाब में माफी मांगने से इनकार कर दिया है।

टाइम्स मैगजीन को दिए अपने इंटरव्यू में एडगर ने कहा कि मैं दूसरों के लिए दया दिखाने की अपील करने के लिए माफी नहीं मांगूंगी। दरअसल, राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के अगले दिन यानि मंगलवार को वाशिंगटन नेशनल कैथेड्रल में एक समारोह में ट्रंप को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया था। इस समारोह में ट्रंप, मेलेनिया ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस उपस्थित थीं।

इसी समारोह के दौरान एडगर ने अपने संबोधन में ट्रंप की नीतियों की आलोचना करना शुरू कर दिया। उन्होंने सीधे ट्रंप को संबोधित करते हुए कहा,÷मैं आपसे हमारे समुदायों के उन तमाम लोगों पर दया दिखाने की अपील करती हूं, जो आज डरे हुए हैं। अमेरिकी परिवार, चाहे वह किसी भी पार्टी से संबंध रखते हों.. उनमें गे, लेस्बियन, ट्रांसजेंडर बच्चे हैं। वह आज डरे हुए हैं। कृपया उन पर दया दिखाइए। उन अप्रवासी बच्चों में भी डर है कि शायद उनके मां बाप को उनसे छीन लिया जाएगा।÷ उन्होंने कहा कि मैं आपसे विनती करती हूं कि हमारे देश के उन लोगों पर दया करिएगा, जो अमेरिका में अपने भविष्य को लेकर डरे हुए हैं।

## अमेरिका में बन गई भारत–पाकिस्तान की जानिए जयशंकर ने पड़ोसी मुल्क के साथ व्यापार को लेकर क्या कहा



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। वहीं, उन्होंने अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो से द्विपक्षीय बातचीत भी की।

पिछले साल के बाद पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं हुई- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत के साथ व्यापार फिर से शुरू करने पर पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है। जयशंकर ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, पिछले साल के बाद पाकिस्तान के साथ व्यापार पर कोई बातचीत नहीं हुई है और न ही उनकी ओर से कोई पहल हुई है।

उन्होंने कहा, भारत ने कभी भी पाकिस्तान के साथ व्यापार बंद नहीं किया और इस संबंध में निर्णय 2019 में पाकिस्तान सरकार द्वारा लिया गया था।

जयशंकर ने कहा, शुरू से ही हमारी रुचि थी कि भारत को सबसे पसंदीदा राष्ट्र का दर्जा मिले। हम पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा देते थे। लेकिन उन्होंने हमें वही दर्जा नहीं दिया।

तत्कालीन इमरान खान की सरकार ने भारत द्वारा अपने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के प्रतिशोध में अगस्त 2019 में सभी द्विपक्षीय व्यापार को निलंबित कर दिया, जिसने तत्कालीन राज्य जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। इस्लामाबाद ने नई दिल्ली के साथ अपने राजनयिक संबंधों को भी कम कर दिया था।

## लॉस एंजेलिस के जंगलों में फिर भड़की आग, 50 हजार लोगों को घर खाली करने का आदेश; शहर की तरफ बढ़ रहा खतरा



नई दिल्ली (एजेंसी)। लॉस एंजेलिस के उत्तरी पहाड़ों में लगी बड़ी और तेजी से फैलती आग के बाद बुधवार को 50,000 से अधिक लोगों को निकालने के आदेश और चेतावनी दी गई है। इस बीच दक्षिणी कैलिफोर्निया में तेज हवाओं के कारण पहले से लगी दो बड़ी आग अभी भी सुलग रही हैं। जिन्हें बुझाना मुश्किल हो गया है।

ह्यूजेस फायर नामक आग सुबह देर से भड़की और कुछ ही घंटों में 39 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में लगे पेड़ और झाड़ियां जल गईं, जिसके कारण कास्टिक झील के पास काले धुएं का गुबार उठता हुआ भी दिखाई दिया। इस झील के आस पास तीसरे सप्ताह भी आग लगातार जल रही है।

एलए काउंटी शेरिफ रॉबर्ट लूना ने बताया कि 31,000 से अधिक लोगों के घरों को खाली करने का आदेश दिया गया है और अन्य 23,000 लोगों को घर खाली करने की चेतावनी दी गई है।

इंटरस्टेट के पांच हाईवे बंद- एलए काउंटी के फायर चीफ एंथनी मार्रोन ने कहा कि आग पर काबू पाना मुश्किल है, लेकिन अग्निशमन कर्मी पूरी ताकत से काम कर रहे हैं।

वहीं, उन्होंने कहा कि इंटरस्टेट के 5 हाईवे बंद कर दिए गए हैं। जिन्हें जल्द ही फिर खोल दिया जाएगा।

उत्तर-दक्षिण की मुख्य सड़क, इंटरस्टेट 5 का 48 किलोमीटर लंबा हिस्सा बंद कर दिया गया है क्योंकि आग की लपटें पहाड़ियों की चोटियों से होते हुए जंगल की घाटियों में जा रही थीं।

# 14 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट, यहां आंधी-बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत में लोगों को कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत जरूर मिली है। मगर पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम का बिगड़ना जारी रहेगा।

उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। वहीं दूसरा साइक्लोनिक सर्कुलेशन दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर बना हुआ है। इस वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

23 जनवरी को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में छिटपुट वर्षा व बर्फबारी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में हल्की बारिश के आसार हैं। पूर्वी बांग्लादेश और उसके आसपास के क्षेत्रों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। इसकी वजह से 23 और 24 जनवरी को अरुणाचल प्रदेश और असम में आंधी-तूफान के आसार हैं।

घने कोहरे का अलर्ट- पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, पश्चिम बंगाल और सिक्किम, बिहार, झारखंड, ओडिशा, असम और मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में घना कोहरा छाया रहेगा। लक्षद्वीप में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं हिमाचल प्रदेश में शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। अरुणाचल प्रदेश, असम और लक्षद्वीप में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में घने कोहरे की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम में बारिश और बिजली करने की चेतावनी दी गई है। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी।

हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, ओडिशा, असम और मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में घना कोहरा छाएगा।

## PAC बैठक में आसमान छूते हवाई किराये पर हुई जमकर बहस, जिम्मेदारी तय करने की भी मांग की गई



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) की बैठक में बुधवार को आसमान छू रहे हवाई किराये और सरकारी एजेंसियों और विनियामक द्वारा बहुत कम कार्रवाई से जुड़ी चिंताएं हावी रहीं। इस दौरान कई सांसदों ने यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए निजी हवाई अड्डा संचालकों और विमानन कंपनियों की जिम्मेदारी तय करने की मांग की।

नागरिक विमानन विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही- पीएसी अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल ने बैठक को सबसे बेहतर में से एक बताते हुए कहा सदस्यों ने इस बारे में गंभीर चिंता जताई की एयरपोर्ट्स इकोनामिक रेगुलेटरी अथॉरिटी (एईआरए) एक विनियामक की तरह उचित कार्य नहीं कर रही है। हमें स्पष्ट जवाब चाहिए। सदस्यों ने इस बारे में अपनी चिंता जाहिर की कि हवाई किराया बेहद तेजी से बढ़ रहा है और डीजीसीए या नागरिक विमानन विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि कुछ सांसदों ने एईआरए एक्ट में संशोधन की भी मांग की ताकि यूजर डेवलपमेंट फीस में मनमाने ढंग से बढ़ोतरी और दाम बढ़ाने जैसे मुद्दों पर आम अप्रसन्नता के बीच किराये को नियंत्रित किया जा सके।

## भारत में तेजी से बढ़ रहे मतदाता, 99.1 करोड़ हुई वोटर्स की संख्या; जानिए पिछले साल कितना था आंकड़ा



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में मतदाताओं की संख्या अब 99.1 करोड़ हो गई है, जो पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव के समय 96.88 करोड़ थी। इसकी जानकारी चुनाव आयोग के आंकड़ों में दी गई है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पहले जारी एक बयान में, चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि मतदाता सूची युवा और लिंग-संतुलित दिखती है, जिसमें 18-29 आयु वर्ग के 21.7 करोड़ मतदाता हैं और मतदाता लिंग अनुपात 2024 में 948 से छह अंक बढ़कर 2025 में 954 हो गया है।

25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस

राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर वर्ष 25 जनवरी को निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसकी स्थापना 1950 में इसी दिन हुई थी।

7 जनवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा था कि भारत जल्द ही एक अरब से अधिक मतदाताओं का नया रिकॉर्ड बनाएगा।

मतदाताओं की संख्या 99 करोड़ के पार- उन्होंने कहा था, मतदाता सूची कल (6 जनवरी) जारी की गई। हमारे मतदाताओं की संख्या 99 करोड़ को पार कर गई है... हम बहुत जल्द एक अरब मतदाताओं वाला देश बनने जा रहे हैं, जो मतदान का एक और रिकॉर्ड होगा।

## बीच क्लास से उठा, बाहर आया और तीसरी मंजिल से कूद गया,आंध्र प्रदेश में फर्स्ट ईयर के छात्र ने किया सुसाइड



आंध्र प्रदेश में एक कॉलेज के छात्र ने तीसरी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। छात्र अपनी क्लास में बैठकर पढ़ाई कर रहा था।

वह अचानकर क्लासरूम से बाहर निकल आया। इसके बाद वह रेलिंग पर चढ़ा और तीसरी मंजिल से नीचे कूद गया। उसी क्लास में बैठे दूसरे छात्र तुरंत दौड़ते हुए बाहर आए। सुसाइड की वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है। घटना अनंतपुर जिले की है।

छुट्टियों के बाद लौटा था- जिले के पुलिस अधिकारी ने बताया कि छात्र अभी संक्रांति की छुट्टियों के बाद कॉलेज लौटा था। घटना के तुरंत बाद छात्र को कॉलेज मैनेजमेंट अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र श्री सत्य साईं जिले के रामपुरम गांव का रहने वाला था। वह नारायण जूनियर कॉलेज का छात्र था। पुलिस ने छात्र के माता-पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की तफ्तीश की जा रही है।

लगातार बढ़ रहे आत्महत्या के मामले- इसके पहले राजस्थान के कोटा में बुधवार को जेईई की तैयारी कर रहे असम के नागांव निवासी कोचिंग छात्र पराग और नीट की तैयारी कर रही अहमदाबाद निवासी कोचिंग छात्रा अफशा शेख ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पराग जवाहर नगर क्षेत्र में निजी हॉस्टल में रहकर कोचिंग कर रहा था। दोपहर उसकी मां असम से कोटा पहुंची थी। मां बेटे से मिलने हॉस्टल गई तो कई बार आवाज देने के बाद भी कमरे के अंदर से जवाब नहीं मिला।

इस पर हॉस्टल संचालक ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो पराग पंखे से फंदा बनाकर लटका मिला। उधर, अफशा महावीर नगर में निजी हॉस्टल में रहती थी। सुबह करीब 10 बजे जब वह कोचिंग जाने के लिए कमरे से नहीं निकली तो सहपाठियों ने उसे आवाज दी।

नहीं लगा था हैंगिंग डिवाइस- अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो हास्टल संचालक ने दरवाजा तोड़ा। छात्रा पंखे से फंदा बनाकर लटकी हुई थी। पुलिस का कहना है कि प्रशासन के दिशा-निर्देश के अनुसार दोनों के कमरों के पंखों में हैंगिंग डिवाइस नहीं लगा था।

## गगनयान मानव मिशन की दिशा में इसरो का पहला प्रयास, अंतरिक्ष में भेजा क्रू मॉड्यूल



नई दिल्ली (एजेंसी)। इसरो के लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी) ने लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष की कक्षा के लिए रवाना किया है।

इस दिशा में इसरो का पहला प्रयास- गगनयान अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने की क्षमता हासिल करने की दिशा में इसरो का पहला प्रयास है। इसरो गगनयान परियोजना के तहत मानवयुक्त चालक दल को रवाना करने से पहले अंतरिक्ष में एक मानवरहित मिशन भेजने की योजना बना रहा है।

क्रू मॉड्यूल एक पूर्ण स्वायत्त अंतरिक्षयान- क्रू मॉड्यूल एक पूर्ण स्वायत्त अंतरिक्षयान है, जिसे तीन सदस्यीय चालक दल को अंतरिक्ष की कक्षा में ले जाने और मिशन अवधि पूरी होने के बाद धरती पर सुरक्षित रूप से वापस लाने के लिए डिजाइन किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बेंगलुरु स्थित एलपीएससी ने क्रू मॉड्यूल को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया। इसरो के अनुसार, क्रू मॉड्यूल प्रोपल्शन प्रणाली (सीएमपीएस) एक बाई-प्रोपेलेंट आधारित प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) है, जिसे क्रू मॉड्यूल को सटीक 3-अक्ष नियंत्रण (पिच, या और रोल) प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

इस प्रणाली का किया गया इस्तेमाल- इसरो ने कहा कि इस प्रणाली में 12 100एन थ्रस्टर, उच्च दबाव वाली गैस बोतलों के साथ दबाव प्रणाली और संबंधित द्रव नियंत्रण घटकों के साथ प्रणोदक प्रवाह प्रणाली शामिल है। अधिकारियों के अनुसार, 100एन थ्रस्टर रॉकेट मोटर हैं, जिनका इस्तेमाल अंतरिक्ष यान में प्रणोदन के लिए किया जाता है।

जमीनी और हवाई परीक्षण से इंसानी सुरक्षा जरूरतों के अनुरूप इनकी क्षमता सुनिश्चित की जा चुकी है।

## हिरासत केंद्र पर असम सरकार को फटकार, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव को किया तलब



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हलफनामे को दोषपूर्ण बताते हुए असम सरकार को फटकार लगाई और मुख्य सचिव को तलब किया है। असम सरकार ने अपने हलफनामे में माटिया हिरासत केंद्र में 270 विदेशियों को बंद रखने का कारण नहीं बताया था।

जस्टिस अभय एस ओका और एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने असम के मुख्य सचिव को तलब करते हुए अगली सुनवाई की तारीख को वीडियो कांफ्रेंसिंग में मौजूद रहने का निर्देश देते हुए विस्तृत स्पष्टीकरण देने के लिए कहा।

पीठ ने कहा कि बीते नौ दिसंबर को असम सरकार को हलफनामा दाखिल करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया गया था और यह उम्मीद की गई थी कि इसमें 270 विदेशी नागरिकों को हिरासत केंद्र में रखे जाने का कारण दिए जाने के साथ इन्हें वापस उनके देश भेजने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी जाएगी। यह अदालत के आदेश का पूरी तरह से उल्लंघन है। पीठ ने पूछा कि जब अभी तक विदेशियों को वापस भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है तो हिरासत केंद्र क्यों चल रहे हैं। इसके साथ ही अदालत ने असम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को माटिया हिरासत केंद्र में औचक निरीक्षण कर वहां स्वच्छता और खाने की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में असम सरकार को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि सरकार अगर निकट भविष्य में हिरासत में रखे गए विदेशियों की वापसी का सबूत ना दिखाए, तब तक इसे विदेश न्यायाधिकरण द्वारा घोषित किसी भी व्यक्ति को हिरासत केंद्र में नहीं रखना चाहिए।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 माघ कृष्ण दशमी

## संपादकीय

# दुनियाँ का हर देश हैरत भरी नजरों से देख रहा है कि जिस तरह शपथ ग्रहण के बाद अपने पहले ही संबोधन...



दुनियाँ का हर देश हैरत भरी नजरों से देख रहा है कि जिस तरह शपथ ग्रहण के बाद अपने पहले ही संबोधन में दनादन फ़ैसलों की की घोषणा कर पदभार ग्रहण कर उनपर हस्ताक्षर भी कर दिए गए,जिसमें बाईडेन प्रशासन के 78 फ़ैसलों को तुरंत भंग कर दिया, टिकटाक पर फिलहाल बैन पर रोक लगा, कनाडा मैक्सिको पर 25 पेर्सेंट टैरिफ लगा दी, विश्व स्वास्थ्य संगठन व पेरिस जलवायु संगठन से बाहर होने की घोषणा की, जिसमें अमेरिका एक बहुत बड़ा सहयोगी था जिससे उनकी वैश्विक योजनाओं पर असर पड़ने की संभावना है। इन सबसे महत्वपूर्ण अब अवैध प्रवासियों की एंट्री बंद करने के अलावा अब जन्मजात नागरिकता याने बर्थ राइट सिटीजनशिप कानून को समाप्त करने को लेकर भी एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स जारी कर दिए गए हैं, जिससे भारत सहित अनेक देशों पर फर्क पढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, हम नीचे पैरा में जिसकी चर्चा करेंगे। चूँकि अमेरिका में शपथ लेते ही ट्रंप का दे दनादन, पहले ही दिन 100 से अधिक महत्वपूर्ण फैसले, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप के फ़ैसलों से दुनियाँ दंग, बाईडेन प्रशासन के 78 फैसले भंग, क्या रुकेगी रूस यूक्रेन जंग? जन्मजात नागरिकता कानून भंग!

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा बर्थ राइट सिटीजनशिप एक्ट को निरस्त करने की करें तो, अमेरिका में 150 साल से जन्मजात नागरिकता कानून अमेरिकी संविधान का 14 वां संशोधन बच्चों को जन्मजात नागरिकता की गारंटी देता है। अमेरिका में यह कानून 150 साल से लागू है। ट्रम्प ने जन्मजात नागरिकता को खत्म करने का फैसला किया है। ट्रम्प ने उन माता-पिता के बच्चों को जन्मजात नागरिकता देने से इनकार करने का आदेश दिया है जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं या फिर अस्थायी वीजा लेकर रह रहे हैं। ट्रम्प ने इस आदेश को लागू करने के लिए 30 दिन का समय दिया है।प्यू रिसर्च सेंटर की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक 16 लाख भारतीय बच्चों को अमेरिका में जन्म लेने की वजह से नागरिकता मिली है।हालांकि ट्रम्प के आदेश में कहा गया है कि यह केवल उन लोगों पर लागू होगा जो इस आदेश की तारीख से 30 दिनों के बाद अमेरिका में जन्मे हैंइसका मतलब है कि अमेरिका में भारतीयों की आने वाली पीढ़ी इसके दायरे में होगी। इसका मतलब ये है कि अब जिन लोगों के पास अमेरिकी नागरिकता के वैध डॉक्यूमेंट नहीं हैं और इस दौरान अगर वे अमेरिका में अपने बच्चे को जन्म देते हैं तो उन बच्चों को स्वतः अमेरिकी नागरिकता नहीं मिलेगी। डोनाल्ड ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश का नागरिकता संबंधी फैसले का सबसे ज्यादा प्रभाव प्रवासी भारतीयों पर पड़ेगा।प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका 48 लाख भारतीय मूल के निवासी बसे हुए हैं, इनमें से 16 लाख को जन्म के आधार पर ही नागरिकता मिली है।

साथियों बात अगर हम बर्थराइट सिटीजनशिप एक्ट को समाप्त करने की चुनौतियों की करें तो,ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन इसकी वैधता सवालों के घेरे में है।14 वां संशोधन अमेरिकी संविधान का हिस्सा है, और इसके प्रावधानों को बदलने के लिए आम तौर पर एक संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होती है। एक ऐसी प्रक्रिया जो लंबी और कठिन होती है। आज तक किसी भी राष्ट्रपति ने कार्यकारी आदेश का उपयोग करके एकतरफा रूप से जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त नहीं किया है। कानूनी विशेषज्ञ पहले से ही संघीय न्यायालयों में आदेश के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियों की भविष्यवाणी कर रहे हैं। यूएस सुप्रीम कोर्ट ने जन्मसिद्ध नागरिकता को बरकरार रखा है, जिसमें यूनाइटेड स्टेट्स बनाम वोंग किम आर्क (1898) का ऐतिहासिक मामला भी शामिल है। इस मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि गैर- नागरिक माता-पिता से यूएस में पैदा हुआ बच्चा अभी भी यूएस का नागरिक है।

# भीमसेन जोशी



पंडित भीमसेन जोशी किराना घराने के महत्त्वपूर्ण शास्त्रीय गायक थे। उन्होंने 19 साल की उम्र से गायन शुरू किया था और वे सात दशकों तक शास्त्रीय गायन करते रहे। भीमसेन जोशी ने कर्नाटक को गौरवान्वित किया है। भारतीय संगीत के क्षेत्र में इससे पहले एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी, उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ान, पंडित रविशंकर और लता मंगेशकर को भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी योग्यता का आधार उनकी महान् संगीत साधना है। देश-विदेश में लोकप्रिय हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के महान् गायकों में उनकी गिनती होती थी। अपने एकल गायन से हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में नए युग का सूत्रपात करने वाले पंडित भीमसेन जोशी कला और संस्कृति की दुनिया के छठे व्यक्ति थे, जिन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। किराना घराने के भीमसेन गुरुराज जोशी ने गायकी के अपने विभिन्न तरीकों से एक अद्भुत गायन की रचना की। देश का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिलने के बारे में जब उनके पुत्र श्रीनिवास जोशी ने उन्हें बताया था तो भीमसेन जोशी ने पुणे में कहा था कि-

मैं उन सभी हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायकों की तरफ से इस सम्मान को स्वीकार करता हूं जिन्होंने अपनी ज़िंदगी संगीत को समर्पित कर दी।

जन्म- कर्नाटक के गड़ग में 4 फ़रवरी, 1922 ई. को भीमसेन जोशी का जन्म हुआ था। उनके पिता गुरुराज जोशी स्थानीय हाई स्कूल के हेडमास्टर और कन्नड़, अंग्रेज़ी और संस्कृत के विद्वान् थे। उनके चाचा जी.बी जोशी चर्चित नाटककार थे तथा उन्होंने धारवाड़ की मनोहर ग्रन्थमाला को प्रोत्साहित किया था। उनके दादा प्रसिद्ध कीर्तनकार थे।

संगीत में रुचि- भीमसेन जोशी जिस पाठशाला में शिक्षा प्राप्त करते थे, वहाँ पाठशाला के रास्ते में भूषण ग्रामोफ़ोन शॉप थी। ग्राहकों को सुनाए जा रहे गानों को सुनने के लिए किशोर भीमसेन खड़े हो जाते थे। एक दिन उन्होंने अब्दुल करीम ख़ान का गाया राग वसंत में फगवा बृज देखन को और पिया बिना नहि आवत चैन ठुमरी सुनी। कुछ ही दिनों पश्चात् उन्होंने कुंडगोल के समारोह में सवाई गंधर्व को सुना। मात्र ग्यारह वर्षीय भीमसेन के मन में उन्हें गुरु बनाने की इच्छा प्रबल हो उठी। पुत्र की संगीत में रुचि होने का पता चलने पर इनके पिता गुरुराज ने अगसरा चनप्पा को भीमसेन का संगीत शिक्षक नियुक्त कर दिया। एक बार पंचाक्षरी गवई ने भीमसेन को गाते हुए सुनकर चनप्पा से कहा, इस लड़के को सिखाना तुम्हारे बस की बात नहीं, इसे किसी बेहतर गुरु के पास भेजो।

गुरु की खोज- एक दिन भीमसेन घर से भाग निकले। उस घटना को याद कर उन्होंने विनोद में कहा- ऐसा करके उन्होंने परिवार की परम्परा ही निभाई थी। मंज़िल का पता नहीं था। रेल में बिना टिकट बैठ गये और बीजापुर तक का सफर किया। टी.टी. को राग भैरव में जागो मोहन प्यारे और कौन-कौन गुन गावे सुनाकर मुग्ध कर दिया। साथ के यात्रियों पर भी उनके गायन का जादू चल निकला। सहयात्रियों ने रास्ते में खिलाया-पिलाया। अंततः वह बीजापुर पहुँच गये। गलियों में गा-गाकर और लोगों के घरों के बाहर रात गुज़ार कर दो हफ़्ते बीत गये। एक संगीत प्रेमी ने सलाह दी, 'संगीत सीखना हो तो ग्वालियर जाओ।'

उन्हें पता नहीं था कि ग्वालियर कहाँ है। वह एक अन्य ट्रेन पर सवार हो गये और इस बार पुणे, महाराष्ट्र पहुँच गये। उन्हें नहीं पता था कि एक दिन पुणे ही उनका स्थायी निवास स्थान बनेगा। रेल गाड़ियाँ बदलते और रेल कर्मियों से बचते-बचाते भीमसेन आख़िर ग्वालियर पहुँच गये। वहाँ के माधव संगीत विद्यालय में प्रवेश ले लिया। किंतु भीमसेन को किसी कक्षा की नहीं, एक गुरु की ज़रूरत थी। भीमसेन तीन साल तक गुरु की खोज में भटकते रहे। फिर उन्हें करवल्लभ संगीत सम्मेलन में विनायकराव पटवर्धन मिले। विनायकराव को आश्चर्य हुआ कि सवाई गन्धर्व उसके घर के बहुत पास रहते हैं। सवाई गन्धर्व ने भीमसेन को सुनकर कहा, मैं इसे सिखाऊँगा यदि यह अब तक का सीखा हुआ सब भुला सके। डेढ़ साल तक उन्होंने भीमसेन को कुछ नहीं सिखाया। एक बार भीमसेन के पिता उनकी प्रगति का हाल जानने आए, उन्हें आश्चर्य हुआ कि वह अपने गुरु के घर के लिए पानी से भरे बड़े-बड़े घड़े ढो रहे हैं। भीमसेन ने अपने पिता से कहा- मैं यहाँ खुश हूँ। आप चिन्ता न करें।

पहला संगीत प्रदर्शन- वर्ष 1941 में भीमसेन जोशी ने 19 वर्ष की उम्र में मंच पर अपनी पहली प्रस्तुति दी। उनका पहला एल्बम 20 वर्ष की आयु में निकला, जिसमें कन्नड़ और हिन्दी में कुछ धार्मिक गीत थे। इसके दो वर्ष बाद वह रेडियो कलाकार के तौर पर मुंबई में काम करने लगे। अपने गुरु की याद में उन्होंने वार्षिक सवाई गंधर्व संगीत समारोह प्रारम्भ किया था। पुणे में यह समारोह हर वर्ष दिसंबर में होता है। भीमसेन के पुत्र भी शास्त्रीय गायक एवं संगीतकार हैं।

बुलंद आवाज़ तथा संवेदनशीलता- पंडित भीमसेन जोशी को बुलंद आवाज़, सांसों पर बेजोड़ नियंत्रण, संगीत के प्रति संवेदनशीलता, जुनून और समझ के लिए जाना जाता था। उन्होंने सुधा कल्याण, मियां की तोड़ी, भीमपलासी, दरबारी, मुल्तानी और रामकली जैसे अनगिनत राग छेड़ संगीत के हर मंच पर संगीत प्रमियों का दिल जीता। पंडित मोहनदेव ने कहा, उनकी गायिकी पर केसरबाई केरकर, उस्ताद आमिर ख़ान, बेगम अख़्तर का गहरा प्रभाव था। वह अपनी गायिकी में सरगम और तिहाईयों का जमकर प्रयोग करते थे। उन्होंने हिन्दी, कन्नड़ और मराठी में ढेरों भजन गाए थे।

जुगलबंदी- भीमसेन जोशी को खयाल गायकी का स्कूल कहा जाता है। संगीत के छात्रों को बताया जाता है कि खयाल गायकी में राग की शुद्धता और रागदारी का सबसे सही तरीका सीखना है तो जोशी जी को सुनो। उन्होंने कन्नड़, संस्कृत, हिंदी और मराठी में ढेरों भजन और अभंग भी गाए हैं जो बहुत ही लोकप्रिय हैं। भीमसेन जोशी ने पं. हरिप्रसाद चौरसिया, पं. रविशंकर और बाल मुरली कृष्णा जैसे दिग्गजों के साथ यादगार जुगलबंदियां की हैं। युवा पीढ़ी के गायकों में रामपुर सहसवान घराने के उस्ताद राशिद ख़ान के साथ भी उन्होंने गाया है लेकिन समकालीन शास्त्रीय गायन या वादन जोशी जी का मन नहीं लुभा पाता था। उन पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाते हुए गुलज़ार ने पूछा- आजकल के जो गायक हैं उन्हें सुनते हैं तो कैसा लगता है इस पर जोशी जी का जवाब था- हमने तो बड़े गुलाम अली, उस्ताद अमीर ख़ाँ और गुरुजी को सुना है। वह कान में बसा हुआ है। आज बहुत सारे गाने वाले हैं, समझदार हैं, अच्छी तैयारी भी है, लेकिन उनका गाना दिल को छू नहीं पाता।

गायकी के भीमसेन- भीमसेन जोशी उस संगीत के पक्षधर थे, जिसमें राग की शुद्धता के साथ ही उसको बरतने में भी वह सिद्धि हो कि सुनने वाले की आँखें मुंद जाएं, वह किसी और लोक में पहुंच जाए। भीमसेन जोशी की गायकी स्वयं में इस परिकल्पना की मिसाल है। उन्हें गायकी का भीमसेन में बनाने में उनके दौर का भी बड़ा योगदान है। ये वह दौर था, जब माइक नहीं होते थे, या फिर नहीं के बराबर होते थे। इसलिए गायकी में स्वाभाविक दमखम का होना बहुत ज़रूरी माना जाता था। गायक और पहलवान को बराबरी का दर्जा दिया जाता था। जोशी जी के सामने बड़े गुलाम अली ख़ां, फ़ैयाज़ ख़ाँ, अब्दुल करीम ख़ां और अब्दुल वहीद ख़ां जैसे सीनियर्स थे जो गले के साथ ही शरीर की भी वर्जिश करते थे और गाते वक्त जिन्हें माइक की ज़रूरत ही नहीं होती थी। समकालीनों में भी कुमार गंधर्व थे, मल्लिकार्जुन मंसूर जैसे अखाड़ेबाज़ गायक थे।

सवाई गंधर्व महोत्सव- एक समय था, जब शास्त्रीय संगीत दरबारों में, घरानों में कैद था। गंधर्व महाविद्यालय, प्रयाग संगीत समिति और भातखंडे विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं के आने का असर ये हुआ कि आम लोगों के बीच शास्त्रीय संगीत की पहुंच तेज़ीसे बढ़ने लगी। लेकिन साथ ही संगीत की गुणवत्ता के स्तर पर बड़ा ह्रास हुआ। जोशी जी भी मानते थे कि संस्थाओं में कलाकार पैदा नहीं किए जा सकते, कलाकार बनने के लिए गुरु के सामने समर्पण ही एक रास्ता है। भीमसेन जोशी देशभर में घूम-घूमकर कलाकारों को खोजते थे और अपने गुरु की याद में शुरू किए गए सवाई गंधर्व महोत्सव में उन्हें मंच देते थे। पुणे में आयोजित होने वाले इस समारोह की ख्याति इतनी है कि यहां प्रस्तुति देने का अवसर पाकर कोई भी कलाकार गौरवान्वित महसूस करता है।

पसंदीदा राग- मिया की तोड़ी, मारवा, पूरिया धनाश्री, दरबारी, रामकली, शुद्ध कल्याण, मुल्तानी और भीमपलासी भीमसेन जोशी के पसंदीदा राग रहे। लेकिन मौका मिलने पर उन्होंने फ़िल्मों के लिए भी गाया। उन्हें देश का भी भरपूर प्यार मिला। संगीत नाटक अकादमी, पद्म भूषण समेत अनगिनत सम्मान के बाद 2008 में जोशी जी को भारत रत्न से नवाजा गया।

# क्या बजट में मिडिल क्लास को मिलेगी राहत, इनकम टैक्स में होगी कटौती?



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के अधिकतर टैक्सपेयर्स चाहते हैं कि आगामी बजट में इनकम टैक्स में कटौती की जाए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। ग्रांट थॉर्नटन इंडिया ने एक सर्वे किया है, जिसमें शामिल लोगों में से करीब 57 फीसदी लोगों का मानना है कि बजट में इंडिविजुअल इनकम टैक्स की दरें कम की जानी चाहिए।

इनकम टैक्स रेट कम करने का सुझाव कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि पिछली कुछ तिमाहियों से जीडीपी ग्रोथ सुस्त पड़ रही है। इसकी वजह है कि मध्यम वर्ग के हाथ में पैसे नहीं हैं। उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा टैक्स चुकाने और महंगाई से निपटने में चला जाता है। यही वजह है कि अर्थशास्त्री भी इनकम टैक्स रेट कम करने का सुझाव दे रहे हैं, ताकि मिडिल क्लास के हाथ में अधिक पैसा बचे और खपत को बढ़ावा मिले।

सरकार इकोनॉमी को बूस्ट देने के लिए इनकम टैक्स रेट घटा सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी इनकम टैक्स को सिंपल करने पर फोकस कर रही हैं। सरकार महंगाई को देखते हुए 10 से 15 लाख रुपये वाले इनकम टैक्स स्लैब में भी टैक्सपेयर्स को कुछ राहत दे सकती है।

कॉर्पोरेट और कानूनी सलाहकार और एयू कॉर्पोरेट एडवाइजरी एंड लीगल सर्विसेज (एयूसीएल) के फाउंडर अक्षत खेतान ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि आगामी केंद्रीय बजट 2025 से पहले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) खत्म करना और आयकर छूट स्लैब को संशोधित कर 25 लाख रुपये करना दो प्रमुख उम्मीदें हैं।

ग्रांट थॉर्नटन भारत के पार्टनर अखिल चांदना का कहना है कि आगामी बजट में एनपीएस में निवेश पर मिलने वाली कर कटौती सीमा में वृद्धि की जानी चाहिए और एनपीएस के निकासी नियमों को अधिक लचीला बनाया जाना चाहिए। इससे करदाताओं के हाथों में सेवानिवृत्त बचत को बढ़ावा मिलेगा। अभी एनपीएस में 50 हजार रुपये तक का निवेश कर मुक्त है।

## लगातार तीन दिन से रॉकेट बना है यह शेयर, एक्सपर्ट बोले- अभी और बढ़ने वाला है भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। आईटी सेक्टर से जुड़ी कंपनी-जेनसर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयरों में गुरुवार को तूफानी तेजी आई और ट्रेडिंग के दौरान यह शेयर 14% तक चढ़ गया। यह लगातार तीसरा कारोबारी दिन है जब शेयर में तेजी आई है। लगातार तीन दिन की तेजी के बाद शेयर अब अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इन तीन कारोबारी दिनों में जेनसर टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब 20त्न चढ़ गए हैं। शेयर पिछले साल मार्च महीने में 512 के 52-सप्ताह के लो पर पहुंच गया था। बता दें कि जेनसर टेक्नोलॉजीज ने अक्टूबर-दिसंबर अवधि के शानदार तिमाही रिपोर्ट की जानकारी दी है। इसके बाद से शेयर रॉकेट की तरह बढ़ रहा है।

जेनसर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने पिछली तिमाही में राजस्व में 10त्न की वृद्धि दर्ज की। तीसरी तिमाही में राजस्व बढ़कर 1325.6 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 1204.1 करोड़ रुपये था। हालांकि, तीसरी तिमाही में नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 1.2% गिरकर 159.8 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 161.7 करोड़ रुपये था। इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एबिटा 0.3त्न गिरकर 207 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 207.6 करोड़ रुपये था।

## सोने ने तोड़े सभी रिकॉर्ड, चांदी की कीमतों भी तगड़ा उछाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोने की कीमतों में तेजी का सिलसिला लगातार छठे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और यह नए ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 630 रुपये बढ़कर 82,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।


24 कैरेट गोल्ड की कीमत भी 630 रुपये बढ़कर 82,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोना इससे पहले 31 अक्टूबर 2024 को 82,400 रुपये के अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। बुधवार को चांदी भी 1,000 रुपये बढ़कर 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

गोल्ड प्राइस पर एक्सपर्ट की राय- HDFC सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के सीनियर एनालिस्ट सौमिल गांधी का कहना है कि अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों को लेकर काफी अनिश्चितता है। यही वजह है कि निवेशक गोल्ड का रुख कर रहे हैं, जिससे सबसे सुरक्षित निवेश समझा जाता है। सौमिल गांधी ने कहा, बुधवार के सत्र में सोने की कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीति को लेकर अनिश्चितता को माना जा रहा है।

एबन्स होल्डिंग्स के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, डॉलर के कमजोर होने के कारण सोने की कीमतों में बढ़ोतरी जारी है। ट्रंप ने चीन, मैक्सिको और कनाडा पर व्यापार शुल्क लगाने का वादा किया था। इसमें देरी से बाजार चिंतित है। इससे आशंका बढ़ गई है कि अगले महीने शुल्क लगाया जा सकता है, जिससे व्यापार युद्ध के लंबे समय तक चलने की आशंका है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले साल 23 जुलाई को केंद्रीय बजट पेश किया था। उन्होंने गोल्ड पर कस्टम ड्यूटी 15 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी करने का एलान किया था। इस फैसले स 15 दिन के भीतर ही सोने के दाम 6000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गए थे। उस दौरान सोने की डिमांड में काफी तेज उछाल आया था, क्योंकि लोगों ने वेडिंग सीजन के लिए गहनों की खरीद तेज कर दी थी। साथ ही, निवेशकों ने भी गोल्ड में पैसे लगाने शुरू कर दिया था। इससे सोने की कीमतों में दोबारा तेजी आई और अब यह नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

## 36 पैसे के शेयर में 23000% की तूफानी तेजी, 1 लाख बन गए 2 करोड़, इलेक्ट्रिक वाहन बनाती है कंपनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। मर्करी ईवी-टेक का शेयर हीरे के रूप में सामने आया है। इसने लंबी अवधि में अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनी के शेयर में लगातार तेजी देखी गई और यही वजह है कि यह शेयर पांच साल में 23,000% का रिटर्न दिया है। इस दौरान इसकी कीमत 36 पैसे से बढ़कर वर्तमान में 86.79 रुपये तक पहुंच गई है। इसका मतलब है कि अगर किसी निवेशक ने इस शेयर में 1 लाख रुपये लगाए होते तो आज की तारीख में यह राशि बढ़कर 2 करोड़ रुपये हो जाती।

स्टॉक के मजबूत सालाना परफॉर्मेंस के कारण यह शेयर लगातार चढ़ रहा है। CY22 में इसने 1300% रिटर्न दिया, इसके बाद अगले कैलेंडर वर्ष में 897% का एक और बड़ा लाभ हुआ। कंपनी के शेयरों का 52 वीक हाई प्राइस 139.20 रुपये है और 52 वीक लो प्राइस 64.32 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 1,601 करोड़ रुपये है।

कंपनी इलेक्ट्रिक वाहनों और अन्य संबंधित रिन्यूएबल एनर्जी प्रोडक्ट्स के निर्माण और कारोबार में सक्रिय है। यह न केवल वाहनों का उत्पादन करता है बल्कि बैटरी, चेसिस और मोटर नियंत्रक जैसे महत्वपूर्ण कंपोनेंट्स का भी निर्माण करता है। इसकी प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में टू व्हीलर से लेकर बसों, लोडर और यात्री वाहन शामिल हैं। यह विभिन्न परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करती है।

# 2030 तक 39 प्रतिशत बदल जाएगा कर्मचारियों का कोर स्किल, कारोबारियों के लिए क्या है सबसे बड़ी प्राथमिकता?

नई दिल्ली (एजेंसी)। वैश्विक स्तर पर तेजी से बदल रही कौशल मांग को देखते हुए बड़े पैमाने पर उन कामगारों के अप्रासंगिक या अकुशल साबित का खतरा मंडरा रहा है, जो स्किलिंग, री-स्किलिंग या अपस्किलिंग की प्रक्रिया से दूरी बनाए हुए हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ताजा रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है कि दुनिया भर की कंपनियां या उद्योग समूह जिन काम के जिन गुणों को मूल कौशल यानी कोर स्किल मानते हैं, उनमें तेजी से बदलाव आ रहा है।

अनुमान है कि भविष्य की जरूरत को देखते हुए वर्ष 2025 से 2030 तक 39 प्रतिशत कोर स्किल बदल जाएंगे। हालांकि, यह संतोषजनक संकेत है कि बीते वर्षों की तुलना में वर्क फोर्स की री-स्किलिंग और अपस्किलिंग में ठीक वृद्धि देखी जा रही है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के वैश्विक सर्वे में पाया गया है कि हाल के वर्षों में कौशल विकास को लेकर लगभग देशों में सुधार की स्थिति देखने को मिली है।



कोविड महामारी ने बढ़ाई थी आशंका- कौशल अस्थिरता को लेकर कोविड महामारी के कारण 2020 में 57 प्रतिशत नियोक्ता आशंकित थे तो 2023 में यह आंकड़ा गिरकर 44 प्रतिशत पर आया। इस बार की रिपोर्ट में 42 प्रतिशत नियोक्ताओं ने अगले पांच वर्ष में प्रतिभा की उपलब्धता को लेकर आशंका जताई है। 29 प्रतिशत नियोक्ताओं ने इस अवधि में कुशल कामगारों की उपलब्धता की उम्मीद जताई है।

इस सुधार के पीछे यह भी एक कारण हो सकता है कि कर्मचारियों के प्रशिक्षण, री-स्किलिंग या अपस्किलिंग के उपायों का प्रतिशत 2023 में 41 प्रतिशत था, जो अब 50 प्रतिशत पर पहुंच गया है। वर्ल्ड इकोनामिक फोरम के अनुसार, भविष्य की प्रतिभा के संबंध में व्यवसाय समूह चिंतित हैं।

## देश में होनी चाहिए दो महंगाई दर? क्या होगा फायदा




नई दिल्ली (एजेंसी)। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य नागेश कुमार ने बेहतर नीति निर्माण के लिए दो मुद्रास्फीति दरों की वकालत की है। उनका कहना है कि एक मुद्रास्फीति दर ऐसी हो, जिसमें खाद्य कीमतें शामिल हों जबकि दूसरी मुद्रास्फीति दरों में खाद्य कीमतों को शामिल नहीं किया जाए। उनका मानना है कि ऐसा करने से नीतियां बनाते समय प्रासंगिक दरों को ध्यान में रखा जा सकेगा।

आर्थिक समीक्षा 2023-24 में मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने दर निर्धारण की व्यवस्था से खाद्य मुद्रास्फीति को बाहर रखने की वकालत करते हुए कहा था कि मौद्रिक नीति का खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ता है क्योंकि वे सप्लाई चेन के दबावों से निर्धारित होती हैं। समग्र उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति में खाद्य का भारांश 46 प्रतिशत है। इसे 2011-12 में तय किया गया था और इस पर फिर से विचार करने की जरूरत है।

नागेश कुमार ने खाद्य मुद्रास्फीति को दर निर्धारण से बाहर रखने के सुझावों पर पूछे गए एक सवाल पर कहा, मुझे लगता है कि हमारे पास दो मुद्रास्फीति दरें होनी चाहिए।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# नीमच में ग्रामीणों ने पुलिस टीम को बंधक बनाया, वाहनों को क्षतिग्रस्त किया



नीमच। मादक पदार्थ के साथ युवक को पकड़ने के विरोध में नीमच जिले के मनासा विकासखंड क्षेत्र के गांव चौकड़ी में ग्रामीणों ने बुधवार शाम सिंगोली टीआई सहित कई पुलिसकर्मियों को देर रात तक बंधक बनाए रखा।

इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस वाहन में भी तोड़फोड़ की। कुछ पुलिसकर्मी पथराव में घायल भी हुए हैं। देर रात अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचा और बल प्रयोग कर पुलिस वालों को छुड़ाया।54 किलोग्राम डोडाचूरा के साथ पकड़ा गया था युवक सिंगोली थाना पुलिस ने सोमवार रात झांतला ग्राम के समीप से चौकड़ी गांव निवासी 24 वर्षीय नीलेश को 54.3 किलोग्राम डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया था। आगे की जांच के लिए पुलिस टीम युवक को लेकर बुधवार शाम करीब चार बजे चौकड़ी गांव पहुंची थी।

### पुलिस की गाड़ियों को घेरा

पुलिस टीमें तीन गाड़ियों से थीं। यहां ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ियां घेर लीं। कहा कि जिस युवक को पकड़ा, उसके पास मात्र 30 किलो अवैध मादक पदार्थ था, लेकिन पुलिस ने उसकी मात्रा बढ़ाकर 54 किलो कर दी।

ग्रामीणों का यह भी आरोप था कि पुलिस झूठे मामलों में फंसा रही है। मादक पदार्थ तस्करी के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। ग्रामीण मामले की निष्पक्ष जांच के साथ पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे।

### दो गाड़ियों को लोगों ने रोका

इस बीच ग्रामीणों के रोष को भांपते हुए पुलिस की एक गाड़ी आरोपित को लेकर रवाना हो गई, लेकिन दो गाड़ियों को ग्रामीणों ने रोक लिया। दोनों वाहन में सिंगोली थाना प्रभारी उमेश यादव समेत करीब 10 से 12 पुलिसकर्मी शामिल थे।

मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि मामले में निष्पक्ष जांच कराएंगे, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस कर्मियों को बंधक बना लिया।5-6 घंटे तक चलती रही अफरा-तफरी

लगभग पांच से छह घंटे तक चली अफरातफरी के बाद मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस बल ने लाठी फटकारने के साथ ही आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को खदेड़ा और बंधक पुलिसकर्मियों को छुड़ाया।

मनासा विधायक अनिरुद्ध मारू ने कहा कि पूरे मामले से मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को अवगत कराया गया है। पुलिस की मनमानी का मामला विधानसभा में भी उठाएंगे।

### एएसपी ने कहा-होगी सख्त कार्रवाई

वहीं, नीमच के एएसपी नवल सिंह सिसोदिया का कहना है कि ग्रामीणों ने विवाद कर कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया। पुलिस टीम पर पथराव भी किया। कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इनका मेडिकल करवाया जा रहा है। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## घर में सोया रहा परिवार, दो महिलाएं आई पैंट में से 50 हजार नकदी व मोबाइल ले गई




खंडवा। शहर में बदमाशों के साथ ही महिला गैंग भी सक्रिय है, जो मौका मिलते ही घरों में घुसकर चोरियां कर रही हैं। शहर में महिलाओं की गैंग दिनदहाड़े वारदातों को अंजाम दे रही हैं। ऐसा ही एक मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के गणेश तलाई में भी सामने आया है। यहां एक डॉक्टर दंपती घर में सोया रहा और दो महिलाएं एक बालिका को लेकर घर में घुस गई। डॉक्टर का आरोप है कि इन्हीं महिलाओं ने उनकी पेंट में से 50 हजार रुपये नकदी और घर के दूसरे कमरे में रखा मोबाइल चुरा लिया।

### यह है पूरा मामला

मामला गणेश तलाई का है। पीड़ित वसीम खान गुरुवार को कोतवाली थाने शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि घर में हम चार लोग रहते हैं। पति-पत्नी के अलावा दो बच्चे भी है। सुबह एक बालिका स्कूल जाने के लिए उठी। उसका ऑटो वाला किराया मांग रहा था। तभी उसकी मां रुपये लेने के लिए घर में आई और पैंट देखी तो उसमें रुपये नहीं थे। पैंट से 50 हजार रुपये गायब थे, दूसरे कमरे में रखा मोबाइल भी नहीं मिला। इस पर मुझे शंका हुई तो पास में लगे सीसीटीवी फुटेज देखे। इसमें दो महिलाएं एक 10 से 12 साल की बालिका के साथ घर में घुसती हुई नजर आई। वही महिलाएं और बालिका घर के बाहर भी निकलते हुए फुटेज में दिखी। उनके पास एक बैग था, फुटेज देखने के बाद पुलिस को घटना बताई। महिलाओं की तलाश हमारे स्वजन भी कर रहे थे। सूचना मिली कि महिलाएं पार्वती बाई धर्मशाला में घुसते हुए दिखी है। इस पर पुलिस ने एक जवान को भेजा और शंका के आधार पर तीनों को हिरासत में लिया। थाने में तीनों से पूछताछ चल रही है।

## MP के 17 धार्मिक नगरों में पूर्ण शराबबंदी की घोषणा, बदल जाएगी प्रदेश की शराब नीति



नरसिंहपुर। मध्य प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों पर शराब की दुकानों पर ताले लगाए जायेगें, इन नगरों में पूरी तरह से शराबबंदी की जायेगी। सीएम डा. मोहन यादव ने इसकी घोषणा की है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव गुरुवार को गोटेगांव पहुंचे थे।

### 17 धार्मिक नगरों में पूर्णतः शराबबंदी

सीएम ने शराबबंदी को लेकर बड़ी घोषणा करते हुए प्रदेश के चयनित 17 धार्मिक नगरों में पूर्णतः शराबबंदी करने की बात कही। सीएम ने कहा, कि शराब को लेकर वे बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं, उनकी सरकार ने निर्णय लिया है, कि जिन स्थानों का धार्मिक महत्व है। वहां पर पूर्ण रूप से शराबबंदी की जायेगी।धार्मिक पर्यटन

सीएम स्व. मणि नागेन्द्र सिंह फाउण्डेशन व सहयोग क्रीड़ा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय प्रो कबड्डी टूर्नामेंट में शामिल हुए। संबोधन के दौरान सीएम यादव ने कहा, कि मध्यप्रदेश के वे स्थल जहां भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम के चरण पड़े उन स्थानों को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जायेगा।

पांच साल में होगी 2.70 लाख युवाओं की भर्ती

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर सरकार नियुक्ति करने जा रही है। अगले पांच वर्ष में 2.70 लाख युवाओं की भर्ती करके सभी सरकारी पद भरे जाएंगे। लोक सेवा आयोग की लंबित सभी परीक्षाएं शीघ्र आयोजित की जाएंगी।

सरकार महिला, गरीब, युवा तथा किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, इनके कल्याण के लिए अभियान चलाकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री गुरुवार को गोटेगांव में स्वर्गीय मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन और सहयोग क्रीड़ा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय प्रो-कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे।

## माता-पिता की आंखों के सामने गर्म तेल की कढ़ाई में गिरा 2 साल का बेटा, मौत से मातम में बदली खुशियां



भोपाल। घर में गोद भराई का कार्यक्रम संपन्न हो चुका था। मेहमान जा चुके थे। साहू परिवार के लोग आपस में खुशी साझा कर रहे थे। वह इस बात से अनजान थे कि काल के क्रूर पंजे परिवार के दो वर्ष के बालक की तरफ बढ़ रहे हैं।

कुछ देर बाद जब मासूम की चीख सुनाई दी, तो माता-पिता ने देखा कि बेटा गर्म तेल की कढ़ाई में पड़ा तड़प रहा है। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। निशातपुरा के संस्कार गार्डन का घटनाक्रम

यह दर्दनाक घटना निशातपुरा क्षेत्र के संस्कार गार्डन में सोमवार रात हुई। निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक, शिव नगर, छोला निवासी राजेश साहू प्रतिष्ठित व्यापारी हैं। उनके दो बच्चों में सात वर्ष के आरू के अलावा दो वर्ष का अक्षांश भी था।

सोमवार को संस्कार गार्डन में उनके भतीजे की सगाई के साथ ही गोद भराई का कार्यक्रम था। रात 11 बजे तक अधिकतर मेहमान जा चुके थे। वहां मौजूद सिर्फ परिवार के लोग खाना खाने के साथ ही आपस में खुशियां साझा कर रहे थे।

उधर काम समाप्त होता देख हलवाई ने भी गर्म तेल की कढ़ाई भट्टी से उतारकर नीचे रख दी थी। स्वजन के आस-पास ठुमक-ठुमक कर खेल रहा मासूम अक्षांश अचानक कढ़ाई के पास पहुंच गया। वहां खेलते हुए संतुलन बिगड़ने से उसमें जा गिरा। चीख सुनकर सभी दौड़े और उसे पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। वह गले से नीचे लगभग 50 प्रतिशत झुलस गया था। मंगलवार सुबह अक्षांश की मौत हो गई।पिता को नहीं हुआ भरोसा, बड़े अस्पताल ले गए, लेकिनउधर पिता डॉक्टर की बात मानने को तैयार ही नहीं था, वह बेटे का बेजान शरीर लेकर एक बड़े अस्पताल पहुंचा, लेकिन वहां भी डॉक्टर ने अफसोस जता दिया। यह सुनकर पिता बेसुध होकर गिर पड़ा। इस दुर्घटना के बाद घर में मातम का माहौल है।मां के साथ खा रहा था खाना, अकड़ने लगा शरीर, हुई मौत भोपाल में ही हुए एक अन्य घटनाक्रम में अवधपुरी थाना इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह घर में मां के साथ खाना खा रहा था। इस दौरान उसका शरीर अकड़ने लगा। स्वजन उसे उपचार के लिए एम्स ले गए। वहां चेक करने के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।अवधपुरी थाना प्रभारी रतनसिंह परिहार ने बताया कि मूलतः मंडला का रहने वाला 20 वर्षीय चंद्रशेखर पुत्र सुमेरसिंह निर्माणाधीन रीगल होम्स में परिवार के साथ काम करता था। बुधवार सुबह वह अपनी मां के साथ बैठकर खाना खा रहा था।

## सागर के बलिराम ने दो लोगों को दी नई जिंदगी

जबलपुर। सागर निवासी बलिराम पटेल उम्र 61 वर्ष का 21 जनवरी का एक्सीडेंट हो गया था। उन्हें इलाज के लिए जबलपुर के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लाया गया था। यहां डॉक्टरों ने बलिराम को ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

बलिराम के अंगों का अन्य मरीजों के लिए उपयोग हो सके, इस बात को ध्यान में रखते हुए परिजन ने अंग डोनेट करने की इच्छा जताई। अब गुरुवार को जबलपुर के मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थापित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। एक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर हार्ट को विमान से एम्स भोपाल भेजा गया।दूसरा कॉरिडोर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के पास कोकिला रिसोर्ट के मैदान तक बनाया गया। इससे बलिराम के लिवर को एयर एंबुलेंस की मदद से चोइथराम हॉस्पिटल इंदौर भेजा गया। डॉक्टर संजय मिश्रा (संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं जबलपुर) ने बताया कि मेडिकल में यह पहला ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है, जिसमें एक अंग को भोपाल और दूसरे को इंदौर भेजा गया है।




# इंदौर संभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था का किया जायेगा विस्तार



इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा है कि संभाग में हर व्यक्ति के पास अपना आधार कार्ड हो, यह सुनिश्चित करने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था को विस्तारित किया जायेगा। प्रयास यह किये जायेंगे कि ग्राम पंचायत स्तर पर आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था हो। इसके लिये उन्होंने संभाग के सभी जिला कलेक्टरों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि इंदौर संभाग में अभियान चलाकर जल जीवन मिशन के अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाये। जिन पंचायतों में जल जीवन मिशन की नल-जल योजनाएं पूर्ण हो गई है, उन्हें पंचायतों को हस्तांतरित कर दिया जाये।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज यहां वर्चुअली रूप से कलेक्टर कॉन्फ्रेंस सम्पन्न हुई। इस कॉन्फ्रेंस में इंदौर कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित संभाग के जिलों के कलेक्टर्स और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने मुख्य रूप से राजस्व महाअभियान, मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान, जल जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान, धरती आबा अभियान आदि की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की। इस संबंध में उन्होंने संबंधित जिलों के कलेक्टरों से चर्चा भी की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। श्री सिंह ने कहा कि उक्त सभी अभियानों को गति लाकर निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाये। अभियान पूरी तरह से परिणाममूलक प्रभावी रहे यह प्रयास किये जाये। बैठक में उन्होंने राजस्व महा अभियान की प्रगति की भी जिलेवार समीक्षा की। इस अवसर पर बताया गया कि महा अभियान के लगभग सभी विषयों के लक्ष्यों को पूर्ण कर लिया गया है। जानकारी दी गई कि अभियान के तहत संभाग में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि के शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण हो गये है। अभिलेख दुरुस्ती तथा परम्परागत रास्तों के प्रकरणों के लक्ष्य पूर्ण करने की कार्रवाई चल रही है। श्री दीपक सिंह ने कहा कि सभी कलेक्टर्स यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र के सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित रूप से भ्रमण करें।

# राज्य सेवा परीक्षा में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के युवाओं की गौरवशाली उपलब्धि




इंदौर। राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। इस केन्द्र के युवाओं ने हाल ही में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित राज्य सेवा परीक्षा 2022 के परिणामों में उल्लेखनीय और गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। इस केन्द्र से प्रशिक्षित 67 युवा अफसर बन गये हैं।

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र की प्राचार्य डॉ. अलका भार्गव ने बताया कि केन्द्र द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के युवाओं के लिए राज्य सेवा परीक्षाओं के लिए लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। युवाओं को इस केन्द्र के माध्यम से राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सेवा परीक्षा 2022 के साक्षात्कार के लिए इस केन्द्र के माध्यम से 160 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया था। यह प्रशिक्षण विशेषज्ञों की कुशल टीम द्वारा दिया गया। इनमें से 67 युवा विभिन्न पद हासिल करने में सफल हुए। इनमें से प्रमुख रूप से 3 डिप्टी कलेक्टर के रूप में चयनित हुए है। इनमें शानू चौधरी, कविता देवी यादव, वैशाली सोलंकी शामिल है। इसी तरह 3 डीएसपी के पद के लिए चुने गए है, जिनमें स्नेहा बबेले, रश्मि अहिरवार, अंतिम बघेल शामिल हैं। केन्द्र की शानू चौधरी ने मेरिट में छटवां स्थान हासिल किया है। इसी तरह संजीत बगोले का चयन जिला आबकारी अधिकारी के पद पर हुआ है। पूजा बघेल सहायक संचालक वित्त के रूप में चयनित हुए हैं। इनके चयन पर उपायुक्त आदिम जाति कल्याण श्री ब्रजेश पांडे ने शुभकामनाएं दी है। केन्द्र की प्राचार्य डॉ. अलका भार्गव ने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि चयनित 67 युवाओं में अनुसूचित जाति के 33, जनजाति के 22, अन्य पिछड़ा वर्ग के 7 तथा शेष अन्य वर्ग के शामिल हैं। चयनित युवाओं में अपार खुशी है। उनका कहना है कि यह केन्द्र हमारे लिए बेहद मददगार साबित हुआ है। इस केन्द्र में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए बेहतर वातावरण और सुविधाएं है। विशेषज्ञों का भी हमें बहुत अच्छा मार्गदर्शन मिला है। इस प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन के लिए राज्य शासन का आभार व्यक्त किया है।

## पूर्व मंत्री स्व. श्री रामेश्वर पटेल की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का आयोजन




इंदौर। श्री गीता रामेश्वर ट्रस्ट के तत्वाधान में म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री स्व. श्री रामेश्वर पटेल जी की स्मृति में अधिवक्ताओं के लिए दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट 8 और 9 फरवरी 2025 को इंदौर के आर-9 क्रिकेट ग्राउंड, ग्राम अंबामोलिया, विद्या सागर स्कूल के पास आयोजित होगा। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल, सचिव चेतन चौधरी ने बताया कि 8 फरवरी (शनिवार) और 9 फरवरी (रविवार) 2025 को आर-9 क्रिकेट ग्राउंड, ग्राम अंबामोलिया, इंदौर पर दो दिवसीय अधिवक्ता क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे इंट्री फीस प्रत्येक टीम के लिए 3000 रुपए रखी गई है, रजिस्ट्रेशन केवल पहले 32 टीमों का किया जाएगा। प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी होंगे, जो सभी अधिवक्ता होने चाहिए। रजिस्ट्रेशन और जानकारी के लिए विजय व्यास- 8871617402, सौरभ हार्डिया- 7987673676 से संपर्क कर सकते हैं। आयोजन श्री गीता रामेश्वर ट्रस्ट, जय हार्डिया (को-चेयरमैन), म. प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के तत्वाधान में किया जा रहा है। संयोजक संतोष यादव, दीपक पटेल, सहसंयोजक- साजिद खान, विजय व्यास, सौरभ हार्डिया होंगे। विशेष सहयोगी- डॉ. दौलत पटेल, दिनेश कुशवाह, दिनेश मालवीय, विकास यादव, सौरभ वर्मा, सिद्धांत सिकरवार, संजय हार्डिया हैं।

## गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन हुआ प्रारंभ

इंदौर। समर्थन मूल्य पर रबी की फसल गेहूं की खरीदी के लिए 20 जनवरी से पंजीयन शुरू हो गया है। किसानों की सुविधा के लिए इस बार पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। इससे पंजीयन केन्द्रों में लाइन में लगकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। किसानों को निःशुल्क पंजीयन की सुविधा प्रत्येक ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों, सहकारी समितियों, सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र और एमपी किसान एप पर उपलब्ध कराई गई है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम. एल. मारू ने बताया कि इसके साथ निर्धारित शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सॉयबर कैफे में भी पंजीयन कराया जा सकता है। इन केन्द्रों द्वारा अधिकतम 50 रुपये प्रति पंजीयन का शुल्क लिया जा सकेगा। उक्त केन्द्रों पर पंजीयन सुविधा एवं निर्धारित शुल्क की जानकारी लगाई जाना होगी। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अपना गेहूँ समर्थन मूल्य पर विक्रय करना चाहते है, तो वे अपना पंजीयन जरूर करायें। समर्थन मूल्य पर गेहूँ बैचने के लिए पंजीयन जरूरी है। पंजीयन के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेज साथ ले जाना होंगे।

## 91वीं राष्ट्रीय बिलियर्ड्स व स्नूकर स्पर्धा का आगाज



इन्दौर । भारतीय बिलियर्ड्स व स्नूकर एसोसिएशन के तत्वाधान में मध्यप्रदेश बिलियर्ड्स एवं स्नूकर एसोसिएशन व यशवंत क्लब की संयुक्त मेजबानी में यशवंत क्लब के स्मैश हॉल में खेली जा रही 91वीं राष्ट्रीय बिलियरर्ड्स व स्नूकर (पुरुष) चैंपियनशिप में महाराष्ट्र के सुमेर मांगो ने जूनियर बिलियर्ड्स का खिताब अपने नाम किया।

शहर के प्रतिष्ठित यशवंत क्लब हो रही इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जूनियर खिलाड़ी अपना जौहर दिखा रहे है। जूनियर बिलियर्ड्स के विजेता का फैसला राउंड रॉबिन पद्धति के आधार पर हुआ, जिसमें महाराष्ट्र के सुमेर मांगो ने अपने तीनों मैच जीत कर खिताब अपने नाम किया।

90 मिनट टाइम फार्मेट के आधार पर हुए मुकाबलों में सुमेर ने पहले मुकाबले में महाराष्ट्र के ही शयान राजमी को 539-376 से, दूसरे मुकाबले में सुमेर ने गुजरात के ध्रुव पटेल को 370-321 से तथा तीसरे मुकाबले में सुमेर ने चंडीगढ़ के रणवीर दुग्गल को 585-312 से हराया। सुमेर मागो ने पहला राष्ट्रीय खिताब सब जूनियर बिलियर्ड्स राष्ट्रीय चैम्पियनशिप भोपाल 2021 में जीता था। वहीं दूसरा राष्ट्रीय खिताब जूनियर पूल राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 इंदौर में तथा तीसरा राष्ट्रीय खिताब मौजूदा जूनियर बिलियर्ड्स राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 इंदौर जीता।

## उप संचालक उद्यान कार्यालय में रिसोर्स पर्सन के लिये आवेदन आमंत्रित

इंदौर। इंदौर जिले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत जिला एवं क्षेत्रीय स्तर पर लाभार्थियों को हैंड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने के लिये जिला रिसोर्स पर्सन (फेसिलेटर के रूप में) कार्य कराने के लिये इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। जिला रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्य करने के लिए इच्छुक आवेदक 27 जनवरी 2025 की शाम 6 बजे तक आवेदन उप संचालक, उद्यान कार्यालय इंदौर में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उप संचालक उद्यान कार्यालय इंदौर ने बताया कि रिसोर्स पर्सन, एकल उद्योगों एवं समूहों को डीपीआर तैयार करने, बैंक से ऋण लेने, एफएसएसएआई के खाद्य मानकों, उद्योग आधार, जीएसटी आदि सहित आवश्यक पंजीकरण एवं लाइसेंस प्राप्त करने में सहायता जैसी हैंड होल्डिंग सेवाएं प्रदान करेंगे, जिसमें आवश्यकतानुसार ग्राम, विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर अनिवार्य रूप से कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक लाभार्थी को उपलब्ध कराई गई सहायता के आधार पर रिसोर्स पर्सन का भुगतान, बैंक से ऋण की स्वीकृति के कुल 20 हजार रुपये की दर से भुगतान किया जाएगा, जिसमें से प्रथमतः 50 प्रतिशत का भुगतान बैंक ऋण की स्वीकृति के पश्चात किया जाएगा और द्वितीय शेष 50 प्रतिशत का भुगतान उद्योग को जीएसटी एवं उद्योग आधार पंजीकरण प्राप्त होने तथा एफएसएसएआई मानकों के अनुपालन, परियोजना के इम्प्लीमैंटेशन तथा ट्रेनिंग प्रदान करने के पश्चात किया जाएगा।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का एक दशक हुआ पूरा




इंदौर। बेटे बचाओ-बेटी पढ़ाओ÷ अभियान की पहल बेटियों के उत्थान में मील का पत्थर साबित हुई है। आज बुधवार 22 जनवरी 2025 को इस पहल के 10 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस 10 वर्ष पूर्ण होने पर इंदौर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम आगामी 8 मार्च तक होंगे। पहले दिन आज प्रभात फेरी, बाईक एवं साईकिल रैली का आयोजन किया गया।

रैली में उपस्थित लोगों द्वारा हस्ताक्षर अभियान एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं की शपथ ली गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रामनिवास बुधौलिया एवं सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री जय श्रीवास्तव द्वारा प्रभात फेरी को हरी झंडी देकर शुभारंभ किया गया। प्रभात फेरी नेहरु स्टेडियम से प्रारंभ होकर शिवाजी वाटिका होते हुए नेहरु स्टेडियम में सम्पन्न हुई। उक्त कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, आगंनवाडी कार्यकर्ता सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी। उपस्थित जन द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ ग्रहण की गई एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्षगांठ पर 8 मार्च 2025 तक सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पहले सप्ताह में 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता, सैनिटरी पैड का वितरण, स्कूलों और कॉलेजों में सेनिटरी पैड मशीन की स्थापना, जेंडर सेन्सिटाइजेशन, गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम पर आम नागरिकों को जागरूक किया जायेगा। दूसरे सप्ताह में वन विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से वृक्षारोपण, महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बाइक और साइकिल रैली आदि का आयोजन होगा। तीसरे सप्ताह में स्कूल में बालिकाओं को प्रवेश दिलाने के लिए नामांकन अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा आकांक्षी जिलों में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 योजना के तहत किशोरी बालिकाओं के लिए जागरूकता अभियान एवं नामांकन अभियान का आयोजन होगा। इसी प्रकार चौथे, पाँचवे और छठे सप्ताह में शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पंचायत राज और ग्रामीण विकास विभाग के साथ समन्वय कर महिला हेल्पलाइन-181 और चाइल्ड हेल्पालाइन 1098 का प्रचार एवं जागरूकता, जिला अधिकारियों, केन्द्रीय कार्यालयों एवं महिला थानों पर बालिकाओं का भ्रमण तथा महिलाओं पर केन्द्रित कानून और भारतीय न्याय संहिता में महिला केन्द्रित प्रावधानों पर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। साथ ही जिला स्तर पर 2023-24 के मेरिट सूची में प्रथम से दसवें स्थान तक प्राप्त करने वाली छात्राओं का सम्मान किया जायेगा।

जय श्री महाकाल ...



मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# आम जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाया जा सके इसीलिए शिविरों का आयोजन हो रहा है - विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा

उज्जैन। गुरुवार को मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 5 इंदिरा नगर पार्षद कार्यालय एवं वार्ड क्रमांक 22 गणगौर दरवाजे के सामने श्री चंद्र धर्मशाला पर शिविर आयोजित हुए।

वार्ड क्र. 5 अन्तर्गत इन्दिरा नगर पार्षद कार्यालय पर शिविर का आयोजन उक्त शिविर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव एवं क्षेत्रीय पार्षद श्री दिलीप परमार की उपस्थिति में किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा द्वारा कहा गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में आम जनता एवं हितग्राहियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाया जा सके इसीलिए आपकी सरकार आपके द्वार तक आई है, शहर एवं वार्डो में विकास हेतु मुख्यमंत्री जी द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए जहां




आवश्यकता होती है उसे अनुरूप राशि स्वीकृत करते हुए विकास कार्य करवाया जा रहा है जिसके क्रम में वार्ड क्रमांक 5 गंधर्व तालाब का ढाई करोड रुपए की राशि से सौंदर्यकरण कार्य होगा जिसके लिए राशि भी स्वीकृत कर दी गई है इसी के साथ दो करोड रुपए की राशि से नाला निर्माण की राशि भी स्वीकृत हो चुकी है शीघ्र ही निर्माण कार्य हेतु वर्क आर्डर भी जारी किया जाना है

निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा शिविर को संबोधित करते हुए कहा गया कि यह जो शिविर लगाएं जा रहे हैं इसका मूल उद्देश्य आप सभी जनता एवं हितग्राहियों को लाभ पहुंचाए जाने के लिए आयोजित हो रहे हैं शिविर में वार्ड क्रमांक 05 के रहवासियों द्वारा ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने की समस्या से अवगत करवाया गया जिसे सुनते हुए निगम अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि उक्त समस्या के लिए मुख्यमंत्री जी द्वारा अंडरग्राउंड ड्रेनेज निर्माण किए जाने हेतु राशि स्वीकृत की गई है जिससे इस समस्या का हमेशा के लिए समाधान होगा आपकी हर समस्या सरकार की समस्या है किसी भी प्रकार से नागरिकों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

वार्ड क्रमांक 05 अंतर्गत शिविर में आए नागरिकों एवं हितग्राहियों को नगर निगम द्वारा स्वीकृत नामांतरण पत्र विधायक एवं निगम अध्यक्ष द्वारा वितरित किए गए।

इसी के साथ वार्ड क्रमांक 22 अंतर्गत विधायक श्री अनिल जैन कालूखेड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष श्री जगदीश पांचाल, पूर्व पार्षद श्री गिरीश शास्त्री, योगेंद्र सिंह पटेल, जोनल अधिकारी श्री राजकुमार राठौर द्वारा शिविर में बहनों को लाडली लक्ष्मी के पत्रक वितरण किए गए।

# जैन कवि संगम की काव्य गोष्ठी में अनिल पांचाल सेवक सम्मानित

## नव वर्ष मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन




उज्जैन। जैन कवि संगम द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में विचार क्रांति मंच के संयोजक अनिल पांचाल सेवक को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया तथा उनकी सामाजिक धार्मिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के लिए उनका शाल, माला एवं अभिनंदन पत्र से सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश चौरडिया रहे एवं अध्यक्षता जैन कवि संगम के प्रदेश अध्यक्ष सुगनचन्द जैन ने की। शुभारंभ अवसर पर राकेश चौरडिया की महावीर वंदना के पश्चात संगीता तल्लेरा एवं डॉ खुशबू बाफना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कवि दिलीप जैन ने अपनी रचना में ' रंगमंच की हम कठपुतली डोरी उसके हाथ की प्रस्तुति दी। राजेश जैन अजंता ने अपनी शायरी के माध्यम से सबको खूब हंसाया। डॉ चित्रा जैन ने अपनी रचना के माध्यम से आगाह किया 'मत रोकना कभी अपने कदमों को मेहनत से सफलता सबको मिलती है।

भारती जैन ने पर्यावरण पर शानदार कविता प्रस्तुत की। राकेश खेमसरा ने ' ज्ञान की गंगा बहा मां शारदे के रूप में गजल प्रस्तुत की। डॉ खुशबू बाफना ने बचपन की यादों को ताजा करते हुए बचपन कैसा होता है,रचना पढ़ी। सुदीप जैन ने जिक्र करूं मैं कैसे किसी का मेरा कोई अपना नहीं'' गीत पढ़ा। संगीता तल्लेरा ने मालवी में अणी बार तो ठंड, घणो मजो लायी÷ की शानदार हास्य रचना पढ़ी। राजेंद्र जैन ने ' मैंने मां-बाप को सदा उसके सानी रखा जिसने मेरे सर पर हाथ आसमानी रखा÷। राकेश चौरडिया ने मां मेरी है सबसे अनमोल÷ नामक मां की रचना पढ़ी, जिसे खूब सराहा गया।

## युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे, नेता जी-मुकेश भाटी



उज्जैन। नेता जी अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा नेता जी का नाम रहेगा, जैसे नारों के साथ नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जन्म जंयती शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में स्थानीय चरक भवन चौराहा और फव्वारा चौक स्थित नेताजी की प्रतीमा पर मल्यार्पण कर मनाई गई।

शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने माल्यार्पण करते हुए कहा कि नेता जी जैसा व्यक्तित्व सदियों मे जन्म लेता है, वे युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे।

# गणतंत्र दिवस की परेड में दिल्ली में तिरंगे को सलामी देंगे उज्जैन के ध्रुव



उज्जैन। भारत देश के 76वें गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में उज्जैन के ध्रुव केकरे परेड में हिस्सा लेकर तिरंगे को सलामी देंगे।

मिलिंद पन्हालकर ने बताया कि ऋषिनगर निवासी अनिल केकरे के पुत्र ध्रुव केकरे का चयन 6 महीने पहले आरडीसी रिपब्लिक कैंप में हुआ था। दिल्ली में एक महीने से ध्रुव कैंप में गणतंत्र दिवस की परेड की तैयारी कर रहे हैं। श्री केकरे के अनुसार 10 लाख में से 2 हजार केडिडेट चयनित होकर आते हैं, उनमें उज्जैन से एनसीसी 10 एमपी बटालियन से ध्रुव का चयन हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार से ध्रुव केकरे को मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल कर रहे बच्चों को अक्षय कुमार ने आने वाली फिल्म स्काई फोर्स भी दिखाई गई। सिक्यूरिटी गार्ड की नौकरी करने वाले अनिल केकरे ने बताया कि ध्रुव का सपना सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने का है। पूरे परिवार को ध्रुव पर गर्व है।

# महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं जनरल शाहनवाज खान की 111वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित



उज्जैन। आजाद हिंद फौज के संस्थापक, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नारा देने वाले महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं आजादी के पूर्व अंग्रेजों का यूनियन जैक उतार कर लाल किले पर आजाद हिंद फौज का झंडा लहराने वाले बहादुर जनरल शाहनवाज खान की 111वीं जयंती पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि शहीद पार्क स्थित शहीद स्मारक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं जनरल शाहनवाज खान एवं देश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले सभी वीरों को याद किया। महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं जनरल शाहनवाज की जयंती पर संस्था द्वारा शहीद पार्क स्थित शहीद स्मारक पर नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सभी वीरों को स्मरण किया गया। एडवोकेट आजम खान ने नेताजी को याद करते हुए कहा नेताजी महान क्रांतिकारी एवं कुशल रणनीतिकार थे जिन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की। आपकी बहादुरी और कुशल नेतृत्व को देखकर जर्मन शासक हिटलर ने आपको नेताजी का खिताब प्रदान किया। आपने विश्व में भारत की आजादी के लिए जन समर्थन हासिल किया। उज्जैन वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ. निजाम हाशमी ने अपने उद्बोधन में कहा नेताजी का पूरा जीवन देश के स्वतंत्रता आंदोलन को समर्पित रहा। आपने आजाद हिंद फौज की स्थापना की। आपके ही जनरल शाहनवाज ने अपने साथी गुरबख्श ढिल्लों एवं प्रेम सहगल के साथ आजादी के पूर्व अंग्रेजों का यूनियन जैक उतार कर आजाद हिंद का झंडा लाल किले पर लहराया। युवा गायक हरीश तिवारी ने गीतों के जरिए महान क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षाविद सादिक मंसूरी, डॉ शकील अंसारी, अधिवक्ता समीर खान, शाकिर शेख, राजेश अग्रवाल, शरीफ खान, नासिर मंसूरी, रईस अहमद, समाजसेवी मोहम्मद इकबाल उस्मानी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और देश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले महान क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपरोक्त जानकारी सचिव धर्मेंद्र राठौर एवं प्रचार सचिव चेतन ठक्कर ने दी।

# समर्थ सेवा संस्था ने मुकबधिर स्कूल में भेंट की खेल सामग्री

उज्जैन। समर्थ सेवा संस्था द्वारा मूकबधिर स्कूल हामू खेड़ी पर संयोजक सुदेश नीमा के नेतृत्व में अध्यक्ष श्याम महेश्वरी, सचिव विट्ठल नागर, कोषाध्यक्ष आनंद पुरोहित के मार्गदर्शन में मुकबधिर बच्चों को उपयोग में आने वाली खेल सामग्री भेंट की।

संस्था के उपाध्यक्ष दीपक राजवानी ने बताया कि बच्चे भी खेल गतिविधियां कर सके एवं शहर, प्रांतीय एवं राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में भाग ले सके, इस उद्देश्य को लेकर खेल सामग्री भेंट की गई। वहीं पर हनुमान जी के मंदिर पर प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सरोज अग्रवाल, अश्विन कासलीवाल, कैलाश मुंद्रडा, तरुण मित्तल, चंद्रप्रकाश माहेश्वरी, ओम पाटीदार सहित कई पदाधिकारी गण मौजूद थे।




स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com